इन्साफ की डगर पे बच्चों दिखाओ चलके लिरिक्स

इन्साफ की डगर पे,
बच्चों दिखाओ चल के,
ये देश है तुम्हारा,
नेता तुम्ही हो कल के।।

दुनिया के रंज सहना,
और कुछ ना मुँह से कहना,
सच्चाईयों के बल पे,
आगे को बढ़ते रहना,
रख दोगे एक दिन तुम,
संसार को बदल के।।

इंसाफ की डगर पे,
बच्चों दिखाओ चल के,
ये देश है तुम्हारा,
नेता तुम्ही हो कल के।।

अपने हों या पराए,
सब के लिए हो न्याय,
देखो कदम तुम्हारा,
हरगिज़ ना डगमगाए,
रस्ते बड़े कठिन हैं,
चलना संभल संभल के।।

इन्साफ की डगर पे,
बच्चों दिखाओ चल के,
ये देश है तुम्हारा,
नेता तुम्ही हो कल के।।

इंसानियत के सर पे,
इज्जत का ताज रखना,
तन मन की भेंट देकर,

भारत की लाज रखना,
जीवन नया मिलेगा,
अंतिम चिता में जल के।।

इंसाफ की डगर पे,
बच्चों दिखाओ चल के,
ये देश है तुम्हारा,
नेता तुम्ही हो कल के।।

https://allbhajanlyrics.com/insaaf-ki-dagar-pe-baccho-dikhao-chalke-lyrics/